an>

Title: Need to increase the amount of Central grant to Gujarat for Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शिक्षा के संबंध में बोलने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। गुजरात सरकार शिक्षा के काम में बहुत प्रभावशाली कार्य कर रही है। गुजरात सरकार 7,500 से ज्यादा शिक्षा संस्थान चला रही है। सभी जगह मकान का भी प्रबंध किया गया है। गुजरात सरकार शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को वेतन दे रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि गुजरात को अन्य राज्यों की तुलना में सर्वशिक्षा अभियान में जो राशि दी जानी चाहिए, वह बहुत कम है। गुजरात सरकार ने शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के वेतन, नए वर्ग खंडों के निर्माण, नए इंफ्रास्ट्रक्चर की डेवलपमेंट के लिए बार-बार विज्ञापन दिया है, निवेदन किया है, लेकिन फिर भी गुजरात सरकार को अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम धनराशि दी जा रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि सर्वशिक्षा अभियान और माध्यमिक शिक्षा के माध्यम से गुजरात को पर्याप्त धनराशि अलॉट की जाए।